**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–18.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1 **केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने धनबाद में डीजीएमएस कार्यालय का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिया निर्देश– कहा–श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खनन क्षेत्र में हो रहा उन्नत तकनीक का इस्तेमाल।**

2 **केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में हुईं शामिल, कहा– सेविका और सहायिका देश को कुपोषण मुक्त बनाने में निभा रही हैं अहम भूमिका।**

3 **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर भाजपा ने उधोग मंत्री का नहीं ले जाने पर उठाए सवाल, झामुमो ने कहा– मुख्यमंत्री में सभी शक्तियां निहित।**

4 **राजधानी रांची सहित कई जिलों में ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश, 21 अप्रैल तक वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश का यलो अलर्ट।**

5 **झारखंड की राजधानी रांची में वायु सेना का दो दिवसीय एयर शो कल से होगा शुरू, पहली बार आयोजित शो के लिए तैयारियां पूरी।**

**समाचार विस्तार से**

****************************

केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने आज धनबाद स्थित डीजीएमएस के मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में खनन क्षेत्र में काम कर रहे श्रमिकों के बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं उनके वेतनमान के हित में डीजीएमएस कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज खनन के क्षेत्र में नई और उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है और उन सभी तकनीक का उद्देश्य खनन श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

इससे पूर्व उन्हें कोलफील्ड गुजराती समाज ने स्वामीनारायण मंदिर में सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री के साथ झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और सहायक श्रम आयुक्त प्रवीण कुमार भी मौजूद थे।

****************************

सही पोषण देश रोशन के संदेश के साथ पूरे देश में पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत आज कोडरमा के पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। इस मौके पर उन्होंने मुंह जुट्ठी कार्यक्रम में बच्चों को खीर खिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लगातार पोषण पखवाड़ा के तहत सेविका और सहायिका अपनी जिम्मेदारियां को निभाते हुए देश को कुपोषण मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम में कोडरमा विधायक नीरा यादव सहित बड़ी संख्या में सेविका और सहायिकाएं शामिल रहीं।

****************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्पेन और स्वीडन यात्रा पर भारतीय जनता पार्टी ने तंज कसा है। प्रदेश बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन निवेश बढ़ाने के लिए स्पेन और स्वीडन की यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि जब तक निवेश की नीति स्पष्ट नहीं है तब तक ऐसी यात्रा का कोई फायदा नहीं है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे पर भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दुबे ने कहा है कि झारखंड में मुख्यमंत्री द्वारा निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने के प्रयास से भाजपा को सदमा लगा है।

**********************

रामगढ़ के मरार में आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने एक यज्ञ के अवसर पर शिरकत की। मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि हमारे भारत का संविधान विश्व का सबसे श्रेष्ठ संविधान है क्योंकि हमारे देश का हर सिस्टम संविधान के आधार पर ही चल रहा है,।

**********************

राजधानी रांची में आज दोपहर झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग के अनुसार 21 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन और वज्रपात तथा 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।

**********************

रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में झारखंड में पहली बार कल से दो दिवसीय एयर शो होने जा रहा है। भारतीय वायु सेना की ओर से सूर्य किरण एरोबैटिक शो का आयोजन किया जाएगा। शो के पहले स्कूली बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि एयर शो सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के बीच भारतीय सेना की जानकारी और प्रेरणा साझा करना है।

मौके पर सूर्य किरण एरोबैटिक टीम की सदस्य कवल संधू ने बताया कि सूर्य किरण टीम एशिया में सिर्फ भारत और दुनिया में तीन देशों के पास है।

**********************

रांची में अंडर 15 बालिका फुटबॉल टीम का चयन 26 और 27 अप्रैल को होगा। इसमें भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा नामित चयनकर्ताओं की टीम ट्रायल लेंगी। पहली जनवरी दो हजार दस से 31 दिसंबर दो हजार ग्यारह के बीच जन्मी झारखंड की खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले सकेंगी।

**********************

राजस्थान के कोटा में आयोजित होने वाले अंडर 20 जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता के लिए 32 सदस्यीय टीम आज रांची से रवाना हुई।

**********************